Patrika

Jharkhand has 67 IAS vacancies, 17 will retire

बोकारो। यूपीएससी की तैयारी करने वाले बेरोजगार युवाओं के लिए एक खुशखबरी सामने आ रही है। बता दें कि प्रदेश में आइएएस के 67 पद रिक्त हैं। आइएएस संवर्ग में कुल स्वीकृत पद 217 हैं। इसमें 150 पदों पर ही अफसर कार्यरत हैं। इस कारण कई आइएएस अफसरों को कई विभागों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। लगभग एक दर्जन आइएएस के पास औसतन दो से तीन विभागों का अतिरिक्त प्रभार है।

जबकि झारखंड में इस साल दिसंबर तक आइएएस के 17 पद खाली हो जाएंगे। अगस्त 2016 तक 11 अफसर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। दिसंबर तक और छह अफसर रिटायर हो जाएंगे। इसमें तीन मुख्य सचिव रैंक के अफसर सेवानिवृत्त हो चुके हैं और तीन सीएस रैंक के अफसर दिसंबर तक सेवानिवृत्त होंगे।